# कांग्रेस ने एआई कौशल पर दिया जोर

स्टाफ संवाददाता

**भोपाल, 13 अगस्त. प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) मुख्यालय, भोपाल में आयोजित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यशाला के दूसरे दिन मध्य प्रदेश के एआईसीसी प्रभारी हरीश चौधरी और पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया.**

राज्य मीडिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. मुकेश नायक के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य पार्टी प्रवक्ताओं की संचार क्षमता को निखारना था. सभा को संबोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि आधुनिक राजनीति में संवाद केवल भाषणों तक सीमित नहीं है. डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया और ऑनलाइन माध्यमों का उपयोग कर तेज, सटीक और तथ्यों पर आधारित संदेश जनता तक पहुँचाना आवश्यक है. उन्होंने प्रवक्ताओं से जनहितकारी और रचनात्मक संवाद के माध्यम से जनता का विश्वास मजबूत करने का आह्वान किया. पटवारी ने अपने संबोधन में डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया. उन्होंने प्रवक्ताओं से आग्रह किया कि वे तकनीकी साधनों का प्रभावी उपयोग करते हुए पार्टी की विचारधारा और नीतियों को स्पष्टता और सटीकता के साथ जनता तक पहुँचाएँ.




कार्यशाला के दूसरे दिन विभिन्न प्रायोगिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें प्रवक्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस का सिमुलेशन, डिजिटल सामग्री निर्माण, सोशल मीडिया पोस्ट तैयार करने और तथ्य-जांच जैसे अभ्यासों में भाग लिया. इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रवक्ताओं की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और व्यावहारिक कौशल को बढ़ाना था. इस संवाददाता से बातचीत में डॉ. नायक ने कहा कि यह दो दिवसीय कार्यक्रम कांग्रेस प्रवक्ताओं की संवाद रणनीति, तथ्यात्मक तैयारी और डिजिटल दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

## सुभाष नगर से एम्स मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण

**भोपाल.** मेट्रो स्टेशनों का प्रबंध संचालक ने निरीक्षण किया. सुभाष नगर स्थित मेट्रो डिपो से स्थल निरीक्षण की शुरुआत की गई. उन्होंने सभी निर्माण कार्यों की पूरी जानकारी ली. प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टर को डिपो एवं प्रायोरिटी कॉरीडोर के तहत मेट्रो ट्रेन परिचालन को ध्यान में रखते हुए शेष बचे महत्वपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए. सीएमआरएस संबंधी महत्वपूर्ण साइट एवं कार्यों जैसे इन्स्पेक्शन बे लाइन , रिपेयर बे लाइन , विभिन्न सिस्टम रूम, टेस्ट ट्रैक, आग्ज़िलियरी सब-स्टेशन, ट्रैक्शन सब-स्टेशन , ऐड्मिन बिल्डिंग मे कंट्रोल रूम, प्रमुख सिस्टम रूम्स सहित डिपो रोड़, डिपो मे ड्रैनेज व्यवस्था की भी जानकारी ली.

## इलाज में लापरवाही की शिकायत पर सिटी केयर हॉस्पिटल बंद

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अगस्त. राजधानी में मोतिया तालाब रोड स्थित सिटी केयर हॉस्पिटल का संचालन अस्थाई तौर पर बंद किया गया है. अस्पताल के खिलाफ इलाज में लापरवाही की शिकायत मिलने और नोटिस का जवाब न देने पर सीएमएचओ भोपाल द्वारा यह कार्रवाई की गई है.**

इसके पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा अस्पताल को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था. साथ ही जांच होने तक अस्पताल की ओ पी डी बंद रखने और मरीज भर्ती न किए जाने के निर्देश दिए गए थे.




बुधवार को सी एम एच ओ कार्यालय की टीम द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया. इस दौरान अस्पताल संचालित पाया गया. अस्पताल के संचालक रईस खान निरीक्षण दल का सामना करने से भी कतराते रहे. काफी देर बाद अस्पताल पहुंचने पर भी उन्होंने निरीक्षण दल को बयान देने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया.

## हाईकोर्ट ने चेतन सिंह गौर को दी जमानत

**भोपाल.** बहुचर्चित मेंडोरी इलाके में मिले 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश के मामले में आरोपी चेतन सिंह गौर की जमानत पर बुधवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए चेतन की 27 अगस्त तक की जमानत मंजूर कर ली है. अदालत ने आदेश में कहा है कि इस मामले में यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि चेतन सिंह गौर इस तारीख को या उससे पहले ट्रायल कोर्ट के समक्ष आत्मसमर्पण नहीं करता है तो ट्रायल कोर्ट उसे अदालत में लेने के लिए स्वतंत्र होगा। इस मामले में चेतन सिंह गौर की ओर से अधिवक्ता अनुराग गोहिल और ईडी की ओर से अधिवक्ता विक्रम सिंह ने मामले की पैरवी की.

# पीएम सूर्य घर योजना से जुड़े 17 हजार उपभोक्ता

**16 जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता को जोड़ा**

**78 हजार रुपए की सब्सिडी सरकार द्वारा दी जा रही**

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अगस्त. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पीएम सूर्यघर योजना अब तक कुल 17 हजार 903 उपभोक्ता ओं को पंजीकृत किया है.**

कंपनी ने अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ता, को जोड़ा है. जिनकी 139 करोड़, 46 लाख 20 हजार रूपये की राशि सब्सिडी के रूप में उनके खातों में जमा कराई जा चुकी है. कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान रजिस्टर्ड उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन उपरांत विद्युत वितरण कंपनी में रजिस्टर्ड अधिकृत वेंडर से ही सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाएं. उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों घरों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर योजना प्रारंभ की गई है. लोगों को इस योजना का लाभ मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा प्रदान किया जा रहा है. प्रबंध संचालक ने कहा है कि इस योजना के तहत एक किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 30 हजार रूपये, दो किलोवॉट सोलर संयन्त्र लगाने पर 60 हजार रुपए तथा तीन किलोवॉट या उससे अधिक के सोलर संयन्त्र स्थापना पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी केन्द्र सरकार द्वारा दी जा रही है. पीएम सूर्यघर योजना का शुभारंभ 13 फरवरी 2024 को हुआ था. तब से लेकर 13 अगस्त तक हजारों बिजली उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ा गया है. योजना में शामिल होने के लिए आनलाइन आवेदन करना होगा. जिसके लिए पीएम सूर्य घर योजना की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है. प्रबंध संचालक ने यह भी निर्देश दिए कि जिन रूफटॉप सोलर प्लांट में नेट मीटर के साथ मोडेम व सिम लगे होने के बाद भी अगर डाटा कम्युनिकेशन का अभाव है तो संबंधित सोलर वेंडर को नोटिस जारी किया जाए.

प्रबंध संचालक ने कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर सब्सिडी मिले इसके लिए वेंडर और उपभोक्ता दोनों को ध्यान रखना होगा कि उनके बैंक खाते में नाम, आधार कार्ड में नाम तथा बिजली बिल में नाम एक समान होना चाहिए. 1 दिसंबर 2024 से स्थापित होने वाले प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सौर संयंत्रों में केवल स्मार्ट मीटर ही लगाए जा रहे हैं, जो कि मध्यन क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा एस.ओ.आर. रेट पर उपभोक्तूाओं को प्रदान किए जाएंगे जिससे उपभोक्तीओं द्वारा सोलर वेंडर को किए जाने वाले भुगतान में लगभग 6 से 8 हजार रूपये तक की कमी आयेगी.

# भोपाल स्टेशन पर चला चेकिंग अभियान

## स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अगस्त. आरपीएफ ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनज़र सुरक्षा प्रबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने को लेकर बुधवार को चेकिंग अभियान चलाया.**

रेल यात्रियों में विश्वास का माहौल स्थापित करने और आपराधिक तत्वों को रेलवे परिसर से दूर रखने के उद्देश्य से भोपाल स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया. यह अभियान प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा अधिकारी, भोपाल डॉ. अभिषेक के निर्देशानुसार आयोजित किया गया. वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि अभियान के दौरान स्टेशन परिसर, प्लेटफार्मों, प्रवेश द्वारों एवं आगमन और प्रस्थान क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया गया. आने-जाने वाले यात्रियों के सामान की गहन जाँच की गई, साथ ही पार्सल बुकिंग केंद्र पर बुक हो रहे पार्सलों की भी विस्तृत जांच की गई. स्टेशन के सभी प्रमुख प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की गई, ताकि हर आने-जाने वाले व्यक्ति की निगरानी और जांच सुनिश्चित की जा सके.



## सिविल अस्पताल गोविंदपुरा में सितंबर माह से मिलेगी प्रसव सुविधा

**भोपाल.** सिविल हॉस्पिटल गोविंदपुरा में सितंबर माह से प्रसव की सुविधा भी शुरू की जाएगी. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने अस्पताल का निरीक्षण किया. अस्पताल में 100 बिस्तर के इस अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं. जल्द ही यहां पर प्रसव सेवाएं भी शुरू की जा रही हैं. अस्पताल में प्रसव सेवाओं की शुरुआत किए जाने के संबंध में सीएमएचओ ने अस्पताल के लेबर रूम, मॉड्यूलर ओटी, न्यू बोर्न स्टेबलाइजेशन यूनिट, प्रसूति वार्ड, पीएनसी वार्ड, पैथोलॉजी लैब, ऑटोक्लेव इत्यादि का अवलोकन किया.

**लापरवाही** लोग नियमो को नजरअंदाज कर अपनी जान को खतरे मे डाल रहे है

# हेलमेट हमारी सुरक्षा है, बोझ नहीं

जूनियर रिपोर्टर

**भोपाल, 13 अगस्त. राजधानी भोपाल मे बड़ती सड़क दुर्घटनाओ की संख्या यह साबित कर रही है कि लोग अब भी लापरवाही और नियमों का उलंग कर रहे है जिससे उन्हे दुर्घटनाओ का सामना करना पड़ रहा है.**

चौराहो, मुख्य मार्ग और हाईवे पर रोजाना बड़ी संख्या मे बिना हेलमेट दोपहिया सवार दौड़ते नजर आते है. ट्रैफिक पुलिस और प्रशासन की अपील और कानून बनाने के बाद भी लोग नियमो को नजरअंदाज कर अपनी जान को खतरे मे डाल रहे है. हेलमेट कोई बोझ नही है बल्कि दुर्घटना के समय जीवनरक्षक कवच है फिर भी शहर मे कई लोग इसे सिर्फ औपचारिकता मानते है.



लोगो को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालको को स्पष्ट आदेश दिए कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालको को पेट्रोल नही दिया जाएगा है. लेकिन हकीकत मे शहर के कई पेट्रोल पंप खुलेआम नियम तोड़ते नजर आ रहे है जहा बिना हेलमेट सवारो को खुले आम पेट्रोल दे दिया जाता है वही कुछ लोग दुसरो का हेलमेट ले कर पेट्रोल भरवा रहे है. कुछ पेट्रोल पंप प्रशासन के निर्देशो का सख्ती से पालन कर रहे है महावीर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप इसका उदाहरण है जहा बिना हेलमेट पहुंचे दो पहिया सवार को पेट्रोल देने से साफ मना कर दिया गया यहा कर्मचारियो ने नियम पालन को अपनी जिम्मेदारी मानते हुए कई बार ग्राहको को हेलमेट खरीदने या घर से लाने की सलाह दी है.

जनवरी 2021 से 30 जून 2025 तक राजधानी मे 912 मौते सड़क हादसो मे हुई इनमें 643 मृतक दोपहिया वाहन चालक थे, जो कुल मौतो का 70.5त्न है इनमे से 543 लोगों की मौत बिना हेलमेट वाहन चलाने के कारण हुई. ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, तेज रफ्तार, गलत साइड ड्राइविंग और सुरक्षा उपकरणो जैसे हेलमेट का उपयोग न करना इन हादसो की बड़ी वजह है. इसी बीच पेट्रोल चोरी जैसे गंभीर मुद्दा ने लोगो की परेसानी और बड़ा दी है कई पंपो पर मशीन की गड़बड़ी नाप-तौल मे हेराफेरी या आधा लीटर तक पेट्रोल कम देने की शिकायते सामने आई है.


